www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-216 | सागवाड़ा, बुधवार, 13 अप्रैल, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## 20 करोड़ के आडिटोरियम के लिये मिली वित्तीय स्वीकृति

# जेठाना मार्ग पर बनेगा ऑडिटोरियम, भूमि चिन्हित की

**सागवाड़ा।**

नगर पालिका सागवाड़ा क्षेत्र में 20 करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। अब जल्द ही इसकी डीपीआर के लिए टेंडर निकाले जाएंगे। इसके लिये 20 हजार स्क्वायर फीट जमीन आरक्षित की गई है।

जिससे किसी भी आयोजन के लिये एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल जाएंगी। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया, पालिका के जेईएन लोकेश पाटीदार, भरत भट्ट, नानुमोड पटेल, पार्षद लादू गवारिया, इंद्रजीत मकवाणा और मयंक गुप्ता ने जेठाणा मार्ग पर बनने वाले ऑडिटोरियम के लिये मौका देखा। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में सागवाड़ा क्षेत्र में कांग्रेसी के कद्दावर नेता स्व. भीखा भाई भील के नाम से ऑडिटोरियम बनाने की घोषणा की थी। इसकी वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद नगर पालिका ने आरयूआईडीपी को जमीन उपलब्ध करा दी है।



### 1500 लोग एक साथ बैठ सकेंगे

शहर में सुविधाओं का विस्तार होना जरूरी है। सागवाड़ा में ऐसी कोई जगह नही थी जहां एक हजार से 1500 लोग एक साथ बैठ सके। इस ऑडिटोरियम में ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

यह एयरकंडीशनर हाल होगा जिसमें कुर्सियां लगी होगी। साथ ही यहीं पर पार्किंग, लोन और रसोईघर की भी व्यवस्था होगी। पालिका इसे हेरिटेज लुक देगा। इससे न सिर्फ लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि पालिका की आय भी होगी। इसके बनने से जेठाणा मार्ग का भी विकास होगा।

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भाग लेने गायत्री शक्ति पीठ में आज आएंगे राज्यपाल

## गुजरात के उच्च शिक्षामंत्री डिंडोर और मंत्री मालवीय ने की शिरकत







**सागवाड़ा।** राज्यपाल कलराज मिश्र 14 अप्रैल को डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। राज्यपाल सागवाड़ा में गायत्री परिवार के एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। राज्यपाल सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर सागवाड़ा हेलीपेड पर आएंगे। राज्यपाल के स्वागत के बाद 11.35 बजे गलियाकोट रोड पर श्रीराम नगर गायत्री शक्तिपीठ में चल रहे 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सप्त गौ परिक्रमा, मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रशासन के साथ ही गायत्री परिवार भी राज्यपाल के कार्यक्रम की आखरी तैयारियों में जुटा है। कलेक्टर शुभम चौधरी ने बताया की राज्यपाल कलराज मिश्र 14 अप्रैल को सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर जयपुर से रवाना होंगे। 10 बजकर 45 मिनट पर उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुचेंगे। राज्यपाल दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर सागवाडा हेलीपेड से उदयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। इधर, तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन वैदिक मंत्रोचार के साथ स्थापित देवता पूजन के साथ 108 कुंडीय गायत्री यज्ञ हुआ। जिसमे श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ हवन कुंड में आहुतियां दी गई। शांतिकुंज हरिद्वार की केंद्रीय टोली के नायक नरेंद्र ठाकुर, संस्कार प्रमुख ओइन्द्र सिंह, गायक ओंकार पाटीदार, म्यूजिशियन नारायण रघुवंशी और वादक बसंत यादव ने स्थापित देवता पूजन के साथ दूसरे दिन यज्ञ पूर्ण कराया। सप्त गौ परिक्रमा मंदिर लोकार्पण को लेकर गायत्री धाम सेंधवा मध्यप्रदेश से आए पंडित मेवालाल ने कहा कि विधी के विधान और सृष्टि के नियम को बदलने की कोई क्षमता रखता है तो वह गो माता हैं। मेवालाल के सानिध्य में लाभार्थियों ने गो पूजन किया। आयोजन में केंबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालवीया, नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया गायत्री यज्ञ के दूसरे दिन शक्तिपीठ पहुंचे। जहां शांतिकुंज हरिद्वार की केंद्रीय टोली द्वारा उनका स्वागत किया गया। गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा पहुंचे गुजरात के उच्च शिक्षामंत्री डिंडोर गायत्री शक्तिपीठ में चल रहे आयोजन में बुधवार को गुजरात के उच्च और तकनीकी शिक्षा,विज्ञान और संसदीय कार्य मंत्री व संतरामपुर के विधायक प्रोफेसर डॉ कुबेर भाई डिंडोर पहुंचे। उन्होंने शक्ति पीठ में गायत्री माता, प्रज्ञेश्वर महादेव और सप्त ऋषि मंदिरों में दर्शन किए। मंत्री डिंडोर और उनके साथआए पश्चिम रेलवे के डायरेक्टर रितेश भाई पटेल का गायत्री परिवार के जिला समन्वयक भूपेंद्र पंड्या और मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायण लाल पंड्या सहायक प्रबंधक किशोर भट्ट, हरि मुख भट्ट, उज्जैन प्रभारी कुलदीप सिंह शिवलाल कलाल प्रवक्ता दीपक जोशी प्रधान ईश्वर लाल सरपोटा ने स्वागत किया।

# एमएमबी ग्रुप के परिंदों के लिये बांधे परिंडे



**डूगरपुर।** किबला मस्तान बाबा की याद में एमएमबी ग्रुप द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे बांधने के अभियान के दूसरे दिन पुलिस लाईन डूंगरपुर मे पक्षियों के लिए परिडे बाधकर दाना पानी कि व्यवस्था की। ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने बताया कि ये अभियान लगातार जारी रहेगा व ग्रुप कि और से आमजन से अपील है कि गर्मी के इस भीषण दौर अपने मकान व दुकानो पर पानी के सकोरे रखकर बेजुबान पक्षियों कि मदद करे।

पुलिस लाईन के पश्चात ग्रुप की और से पुलिस उप अधीक्षक एस.टी. एससी. सेल मनोज सामरिया के निवास व ऑफिस मे भी परिडे बांधकर पानी कि व्यवस्था की सामरिया ने ग्रुप के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि ग्रुप हमेशा जनहित के कार्य करता रहता है गर्मी के मौसम पक्षीयो के लिएपानी व्यवस्था करना पुन्य का काम है। इस अवसर पर इमरान मुल्तानी, सोनू टेलर ,अब्दुल हाफिज मकरानी, ईश्वर लाल उप निरीक्षक ऋद्ध., मोहन सिंह एमटीओ प्रभारी, सुरेंद्र सिंह पुलिस लाइन मेजर, सतीश कुमार कोत प्रभारी, रोशन जोशी जिला स्टोर प्रभारी, शातिलाल केंटिन प्रभारी, पार्वती महिला हेड कांस्टेबल, मुकेश कुमार केंटिन सहायक, विपीन ललित, सुनीता मौजूद थे।

## जैन समाज की महिलाओं ने मंदिर के बाहर बनाई रंगोली

**सागवाड़ा।**

भगवान श्री महावीर जी की जन्म जयंती के अवसर पर जैन समाज की महिलाओं द्वारा नया जैन मंदिर (गांधीयो का मंदिर)में रंगोली कर स साज सज्जा की गई। इसी क्रम में सुबह 6 बजे प्रभात फेरी व 9 बजे शोभायात्रा का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर वनिता शाह, रेखा पंचोरी, गरिमा शाह, सुषमा जैन, नैना सारगिया, प्रिया जैन, शीतल खोड़निया, चांदनी सेवक, नेहा संघवी ने रंगोली निर्माण करने में अहम सहयोग किया।



### सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट से कर रहा था

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**सागवाड़ा।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर विवादित पोस्ट पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बाद में कोर्ट ने उसे जेल भेजा। सीआई सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि पुलिस की टीम ने तकनीकी रूप से जांच कर इंस्टाग्राम पर सामाजिक सोहार्द बिगाडने जैसे पोस्ट करने वाले व्यक्ति की तलाश की।

जिसमें इन्द्रा कॉलोनी सागवाडा निवासी सद्दाम पुत्र अब्दुल घनी घांची द्वारा पोस्ट करना पाया गया। जिस पर टीम द्वारा उसकी तलाश कर डिटेन कर थाने पर लाया गया। आरोपी सद्दाम द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए उक्त विवादित पोस्ट को तत्काल डिलीट करवाए। आम जन में रोष व्याप्त होने, साम्प्रदायिक सोहार्द बिगडने व आम शांती भंग होने की संभावना होने से आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मामले को लेकर सर्व सागवाड़ा नगर के सनातन जागरण मंच के प्रतिनिधि मंडल ने असमाजिक तत्वों द्वारा नगर के सभी समाजों के आपसी सौहार्दबिगाड़ने का प्रयास कर इंस्टाग्राम पर अलग अलग आईडी से असामाजिक तत्वों द्वारा हिन्दु शोभायात्रा के स्टेटस रख कर हिन्दु समाज व प्रशासन को 15 मिनट में देख लेने जैसी भाषा का प्रयोग करने के संबंध में लिखित रिपोर्ट पेश की थी।

## मिनी ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में महिला की मौत, दो लोग हुए घायल

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के आसपुर-साबला मार्ग पर एक मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पत्नी की मौत हो गई जबकि पति व साली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया है। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही पुलिस ने मृतका के शव को रात को आसपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। डूंगरपुर जिले के आसपुर थाने के थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया की सकानी गाँव निवासी मोगजी पाटीदार अपनी पत्नी के साथ बाइक पर अपने ससुराल जसपुर भाटो का गांव गया था। बीती रात मोगजी पाटीदार अपनी पत्नी रमिला पाटीदार व अपनी साली दीपिका पाटीदार के साथ बाइक पर वापस अपने गांव सकानी लौट रहा था। इस दौरान साबला-आसपुर मार्ग पर एक मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मोगजी, रमिला व दीपिका गंभीर घायल हो गए। इधर हादसे की सुचना पर आसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आसपुर अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान मोगजी की पत्नी रमिला की मौत हो गई। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल मोगजी व उसकी साली दीपिका को उदयपुर रेफर किया गया। वही आज परिजन व पुलिस अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहा पर परिजन मिनी ट्रक मालिक के नहीं आने तक पोस्टमार्टम नहीं करवाने की मांग अड़ गए।

## जियारत कर घर लौट रहे बोहरा समुदाय के लोग, हादसे के बाद चालक बस छोड़ कर भागा

### एक खड़ी टवेरा और बाईक सवार को टक्कर मारने का मामला, पुलिस भी मौके पर पहुंची



**सागवाड़ा।** इन दिनो बोहरा समाज के धर्म गुरु गलियाकोट में है। ऐसे में रोजान राज्य और देशभर से जायरीनों का गलियाकोट आना जाना लगा हुआ है। ऐसे में गलियाकोट मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक है।

बीती रात को भी गलियाकोट जियारत कर बोहरा समुदाय के लोग बस से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस ने पंचवटी से कुछ आगे खड़ी टवेरा को अपनी चपेट में ले लिया, एक बाईक सवार को भी चोंट आई है।

घटना का पता चलते ही बस चालक ने बस सरकारी कालेज के पास खड़ी कर दी और वहां से भाग गया। कुछ देर में वहां पुलिस भी पहुंची। बोहरा समाज सागवाड़ा से भी लोग आये। बस में सवार लोगों को अन्य वाहनों में शिफ्ट कर सागवाड़ा पहुंचाया गया।

# गुजरात से 15 अप्रैल को राजस्थान के रतनपुर बोर्डर से प्रवेश करेगी दांडी यात्रा

## स्वागत की तैयारियों में जुटी कांग्रेस, मुख्यमंत्री, वासनिक, डोटासरा आएंगे

**डूंगरपुर।** गुजरात के साबरमती से 6 अप्रैल को रवाना हुई कांग्रेस की दांडी यात्रा 15 अप्रैल को गुजरात-राजस्थान के बोर्डर रतनपुर से डूंगरपुर में प्रवेश करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा समेत कांग्रेस के कई मंत्री और नेता इस यात्रा का राजस्थान बॉर्डर पर स्वागत करेंगे। इधर यात्रा को लेकर डूंगरपुर कांग्रेस तैयारियों में जुट गई है। डूंगरपुर जिले के

कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने बताया की 15 अप्रैल को दांडी यात्रा गुजरात से राजस्थान में रतनपुर बॉर्डर से प्रवेश करेंगी। सुबह 10 बजे यात्रा आएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा समेत राजस्थान के कई मंत्री और नेता



यात्रा का स्वागत ओर अगुवाई करेंगे। रतनपुर बॉर्डर पर मुख्यमंत्री समेत सभी नेता जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की तैयारी बैठक में जनसभा में अधिक से अधिक लोगो की भीड़ जुटाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने के लिए कहा। ये दांडी यात्रा 1 हजार 171 किलोमीटर की दूरी तय कर दिल्ली के राजघाट पर समापन होगा। राजस्थान में 700 किलोमीटर तक ये यात्रा निकाली जाएगी। रोजाना 20 किमी का सफर करेगी। कांग्रेस सेवादल की ओर से निकाली जा रही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सोश्यल मीडिया से युवाओं को धर्म और जाति के नाम पर गुमराह करने वालो के खिलाफ जागरूक करना है। वही युवाओं कांग्रेस की नीतियां बताकर कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा।

विधायक गणेश घोघरा ने कहा की मुख्यमंत्री ने वागड़ के आदिवासी इलाके में हर जरूरत को पूरा किया है, फिर भी कांग्रेस के नेता उसे जनता तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को सोशयल मीडिया पर एक्टिव रहना होगा। पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने पैट्रोल डीजल के बढ़ते दाम और महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पूर्व मंत्री असरार अहमद, पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी समेत कई नेता मौजूद रहे।